Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to establish medical college in Bhandara.

श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय । मैं आपके द्वारा माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र भन्डारा की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जहां काफी पुराना शहर और जिला होने के बावजूद अभी तक मेडिकल कॉलेज नहीं है । खासकर, इस कोविड-19 की स्थिति में, वहां कोविड-19 पेशेंट्स का काफी बुरा हाल है । उनको छोटी-छोटी बातों के लिए नागपुर और दूसरे शहरों में जाना पड़ता है । वहां पर 1000 बेड का गवर्नमेंट हॉस्पिटल आलरेडी तैयार है, काफी दिनों से वह तैयार है ।

मैं आपके माध्यम से पुन: स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करूंगा कि जल्द से जल्द भन्डारा में मेडिकल कॉलेज शुरू किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष:

डॉ. सुजय विखे पाटील और श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल को श्री सुनील बाबूराव मेंढे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।